टोनी वार्ड आए बियोंड स्क्वॉयर फीट में

रिटेल व रियल एस्टेट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर टोनी वार्ड, बियोंड स्क्वॉयर फीट मैनेजमेंट एडवाइजरी का हिस्सा हो गए हैं। यहां वे सीओओ (लीजिंग) के तौर पर कंपनी की लीजिंग व फिट-आउट मैनेजमेंट संबंधी जिम्मेदारियां निभाएंगे।

इससे पहले टोनी वार्ड इसी पद पर फिनिक्स मिल्स लि. के पलाडियम समेत सभी मार्केट सिटी मॉल्स के लिए काम कर चुके हैं। उन्होंने भारत में वॉल-मार्ट की शुरुआती टीम मेंबर के तौर पर लगभग 5 वर्षों तक काम किया। बियोंड स्क्वॉयर फीट में उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए कंपनी के फाउंडर व चीफ मॉल मैकेनिक सुशील डुंगरवाल ने कहा कि 'मॉल मैनेजमेंट में पांच मिलियन वर्गफुट से ज्यादा एरिए को मैनेज कर चुके वार्ड के कंपनी से जुड़ने से इसकी पहले से मजबूत टीम को और ज्यादा मजबूती मिलेगी।'